Sl.No. :

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – 15

**SS–01–Hindi (C) (D & D)**

No. of Printed Pages – 7

# उच्च माध्यमिक (मूक – बधिर) परीक्षा, 2017

## हिन्दी (अनिवार्य)

**समय** : 4¼ **घण्टे**

**पूर्णांक** : 80

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

2) सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर – पुस्तिका में निर्धारित शब्द – सीमा में लिखें।

4) जिस प्रश्न के अ,ब,स , द भाग हैं, उन सभी भागों का हल एक साथ सतत् लिखें।

यहाँ से काटिए

प्रश्न पत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

यहाँ से काटिए

## खण्ड – अ

1) निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:
(उत्तर सीमा 20 से 40 शब्द हैं।)

अँधेरी रात में दीपक जलाए कौन बैठा है?
उठी ऐसी घटा नभ में
छिपे सब चाँद और तारे
उठा तूफान वह नभ में
गए बुझ दीप भी सारे
भगर इस रात में भी लौ
लगाए कौन बैठा है?
अँधेरी रात में दीपक जलाए कौन बैठा है?
गगन में गर्व से उठ–उठ
गगन में गर्व से घिर–घिर
गरज करती घटाएँ हैं,
नहीं होगा उजाला फिर,
भगर चिर ज्योति में निष्ठा
जमाए कौन बैठा है?

अ) सभी चाँद तारे किस कारण छिप गए? [2]
ब) तूफानी रात के प्रभाव को लिखिए? [2]
स) गरजती घटाएँ क्या कह रही हैं? [2]
द) प्रस्तुत काव्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। [2]

2) निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:–

पहली घटना महाभारत काल की है। आचार्य द्रोण राजकुमारों को बाण–विद्या सिखा रहे थे। समय पर शिक्षा समाप्त हु और राजकुमार आचार्य के समीप अंतिम परीक्षा के लिए एकत्र हुए। आचार्य उन्हें एक वनस्थली में ले गए और एक वृक्ष के ऊपर बैठी चिड़िया की आँखो की पुतली के लक्ष्य वेध का निश्चय हुआ। आचार्य ने सबको निशाना ठीक करने को कहा और तब तक छोटा सा प्रश्न किया –
''तुम्हें क्या दिखाई देता है''?

अ) आचार्य द्रोण राजकुमारों को किसकी शिक्षा दे रहे थे? [2]
ब) चिड़िया कहाँ बैठी थी? [2]
स) यह घटना किस काल से सम्बन्धित हैं? [2]
द) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए? [2]

## खण्ड – ब

3) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 150 शब्दों में निबन्ध लिखिए:– [7]

अ) बाल विवाह सामाजिक अभिशाप

ब) मेरे सपनों का भारत

स) नैतिक शिक्षा का महत्व

द) होली और दीपावली

य) मेरा प्रिय शिक्षक

4) 'शैक्षिक भ्रमण' अथवा 'बस्ते का बढ़ता बोझ' पर समाचार पत्र में प्रकाशित करने हेतु एक रिपोर्ट अथवा प्रतिवेदन लिखिए । [4]

5) आप गणित के छात्र हैं। गणित का कोर्स अधूरा है। उसे पूरा कराने के लिए अपने प्रधानाचार्य को एक पत्र लिखिए । [3]

(उत्तर सीमा 80 से 100 शब्द)

अथवा

आप अपने प्रधानाचार्य को एक पत्र लिखिए जिसमें कम्प्यूटर शिक्षा के लिए आग्रह हो ।

(उत्तर सीमा 80 से 100 शब्द)

6) निम्नांकित विषयों में से किसी एक विषय पर आलेख लिखिए:– [4]

(उत्तर सीमा 80 से 100 शब्द)

अ) आतंक वाद

ब) एकल परिवार

स) शिक्षा का निजीकरण

7) निम्नांकित विषयों में से किसी एक विषय पर फीचर लिखिए:– [4]

(उत्तर सीमा 80 से 100 शब्द)

अ) शैक्षिक भ्रमण

ब) बस्ते का बढ़ता बोझ

स) मोबाइल केन्द्रित जीवन

## खण्ड – स

8) निम्नांकित पठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:–
(प्रत्येक प्रश्न के लिए उत्तर सीमा 20 से 40 शब्द हैं।)

बात सीधी थी पर एक बार
भाषा के चक्कर में
जरा टेढ़ी फँस गई ।
उसे पाने की कोशीश में
भाषा को उलटा पलटा
तोड़ा मरोड़ा
घुमाया फिराया
कि बात या तो बने
या फिर भाषा से बाहर आए –
लेकिन इससे भाषा के साथ–साथ
बात और भी पेचीदा होती चली गई

अ) 'बात' से कवि का क्या अभिप्राय है? [2]

ब) 'बात' किस चक्कर में टेढ़ी फँस गई? [2]

स) 'भाषा को उलटा–पलटा' से कवि का क्या तात्पर्य है? [2]

अथवा

बहुत काली सिल जरा से लाल केसर से
कि जैसे धुल गई हो
स्लेट पर या लाल खड़िया चाक
मल दी हो किसी ने
नील जल में या किसी की
गौर झिलमिल देह
जैसे हिल रही हो।
और .........
जादू टूटता है इस उषा का अब
सूर्योदय हो रहा है।

अ) 'काली सिल' कविता में किसका प्रतीक है? [2]

ब) प्रस्तुत कविता में किसका वर्णन किया गया है? [2]

स) उषा का जादू कब टूटता है? [2]

9) निम्नांकित पठित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-
(प्रत्येक प्रश्न के लिए उत्तर सीमा 20 से 40 शब्द हैं।)

हँसते हैं छोटे पौछे लघु भार -
शस्य अपार
हिल-हिल
खिल-खिल
हाथ हिलाते
तुझे बुलाते
विप्लव र व से छोटे ही हैं शोभा पाते ।

अ) पठित काव्यांश का भाव स्पष्ट कीजिए । [2]
ब) पठित काव्यांश का कला या शिल्प सौन्दर्य लिखिए । [2]

अथवा

सुनि दसकंधर वचन तब कुंभकरन बिलखान ।
जगदंबा हरि आनि अब सठ चाहत कल्यान ।।

अ) पठित काव्यांश का भाव-सौन्दर्य लिखिए । [2]
ब) पठित काव्यांश का कला अथवा शिल्प सौन्दर्य लिखिए । [2]

10) पठित कविताओं की विषय - वस्तु से संबंधित दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए :-

अ) 'पतंगों के साथ-साथ वे भी उड़ रहे हैं' पंक्ति में पतंगो के साथ-साथ कौन और कैसे उड़ रहे हैं? [2 ½]
ब) 'उषा' कविता का प्रतिपाद्य बताइए । [2 ½]
स) 'अट्टालिका नहीं है रे, आतंक भवन' से कवि का क्या आशय है? [2 ½]

11) निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-
(प्रत्येक प्रश्न के लिए उत्तर सीमा 20 से 40 शब्द हैं।)

'शेर के बच्चे' का असल नाम था चाँद सिंह। वह अपने गुरू पहलवान बादल सिंह के साथ, पंजाब से पहले-पहल श्यामनगर मेले में आया था। सुन्दर जवान, अंग-प्रत्यंग से सुन्दरता टपक पड़ती थी। तीन दिनों में ही पंजाबी और पठान पहलवानों के गिरोह के अपनी जोड़ी और उम्र के सभी पट्ठों को पछाड़कर उसने 'शेर के बच्चे' की टायटिल प्राप्त कर ली थी ।

अ) 'शेर का बच्चा' किसे कहा गया है? [2]
ब) चाँद सिंह पहलवान कहाँ का था? [2]
स) चाँद सिंह के गुरू का नाम बताइए । [2]
द) चाँद सिंह को 'शेर का बच्चा' क्यों कहा गया? [2]

अथवा

एक–एक बार मुझे मालुम होता है कि यह शिरीष एक अद्भुत अवधूत है। दु:ख हो या सुख, वह हार नहीं मानता। न ऊधो का लेना, न माधो का देना। जब धरती और आसमान जलते रहते हैं, तब भी यह हजरत न जाने कहाँ से अपना रस खींचते रहते हैं। मौज में आठों याम मस्त रहते हैं। एक वनस्पतिशास्त्री ने मुझे बताया है कि यह उस श्रेणी का पेड़ है जो वायुमण्डल से अपना रस खींचता होगा नहीं हो भयंकर लू के समय इतने कोमल तंतुजाल और ऐसे सुकुमार केसर को कैसे उगा सकता था ।

अ) प्रस्तुत गद्यांश में अवधूत किसे कहा गया है? [2]

ब) 'न ऊधो का लेना, न माधो का देना' का क्या अर्थ होगा। [2]

स) 'सुकुमार केसर' किसे कहा गया है? [2]

द) शिरीष के पेड़ से आपको क्या सीख मिलती है? [2]

12) पाठों की विषय – वस्तु पर आधारित निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-

अ) 'भक्तिन' पाठ के आधार पर भक्तिन तथा लेखिका के संबंधों को स्पष्ट कीजिए। [2]

(उत्तर सीमा 20 से 40 शब्द)

ब) बाजार को 'शैतान का जाल' क्यों कहा गया है? [2]

(उत्तर सीमा 20 से 40 शब्द)

स) 'काले मेघा पानी दे' पाठ के द्वारा लेखक क्या कहना चाहता है? [3]

(उत्तर सीमा 40 से 60 शब्द)

अथवा

अभिनेता चार्ली की इतनी प्रसिद्धि के क्या कारण रहे हैं? स्पष्ट कीजिए । [3]

(उत्तर सीमा 40 से 60 शब्द)

## खण्ड – द

13) पाठों की विषय –वस्तु पर आधारित किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-

(प्रत्येक प्रश्न के लिए उत्तर सीमा 40 से 60 शब्द है।)

अ) यशोधर बाबू को अपना ही घर पराया क्यों लगने लगा? [3]

ब) लेखक आनन्द यादव ने कवि बनने के लिए क्या-क्या उपाय किए? [3]

स) 'सिंधु सभ्यता' भव्यता के आडम्बर से किस प्रकार मुक्त थी? [3]

**14)** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-

(प्रत्येक प्रश्न के लिए उत्तर सीमा 20 से 30 शब्द है।)

अ) यशोधर बाबू के मन में किश नदा की कौनसी छवि अंकित थी? **[1½]**

ब) लेखक आनन्द यादव ने पाठशाला जाने के लिए क्या-क्या उपाय किए? **[1½]**

स) एन. फ्रेंक ने युद्ध की वीभिषिका का किस प्रकार वर्णन किया है? **[1½]**

**15)** विषय वस्तु पर आधारित दिए गए प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए:-

(उत्तर सीमा 40 से 60 शब्द।)

अ) सिन्धु सभ्यता को 'तर-सभ्यता' क्यों कहा गया है? **[3]**

ब) एन. फ्रेंक ने नारी जाती के स्वाभिमान की रक्षा हेतु क्या-क्या तर्क दिए? **[3]**

▽▽▽▽

DO NOT WRITE ANYTHING HERE